# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२४ -२५**

**कक्षा:- तीन** **विषय:हिंदी** **पाठ:-२(तेनालीराम की चतुराई)**

## कठिन शब्द

१. अशर्फ़ी

२. उलझन

३. एकदम

४. क्रोध

५. आज्ञा

६. उल्लंघन

७. शत्रु

८. प्रत्येक

९. पावन

१०. अंकित

११. स्वयं

१२. चतुराई

**2.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**प्रश्न १. अशर्फियाँ खर्च करने के लिए राजा ने क्या शर्त रखी ?**

उत्तर - अशर्फियाँ खर्च करने के लिए राजा ने यह शर्त रखी कि हर एक अशर्फ़ी को खर्च करने से पहले उनका मुहँ देखना होगा।

प्रश्न २. अशर्फ़ियों से तेनालीराम ने क्या - क्या खरीदा ?

उत्तर - अशर्फ़ियों से तेनालीराम ने नए कपड़े, नई पगड़ी और मोतियों की माला खरीदी।

प्रश्न ३. दरबारी क्यों हक्के - बक्के रह गए ?

उत्तर - तेनालीराम की चतुराई देखकर दरबारी हक्के -बक्के रह गए ।

प्रश्न ४. इस कहानी से क्या सीख मिलती है ?

उत्तर - इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हम अपनी समझदारी और चतुराई से किसी भी समस्या का हल आसानी से निकाल सकते हैं ।

3 वाक्य प्रयोग

क) अशर्फ़ी - सोने का सिक्का

वाक्य - किसान को खेत खोदते समय अशर्फ़ियों से भरा एक घड़ा मिला ।

ख) आज्ञा - आदेश

वाक्य - सभी दरबारियों ने राजा की आज्ञा का पालन किया।

ग) शत्रु - दुश्मन

वाक्य - हमें अपने शत्रु से सावधान रहना चाहिए ।

घ) प्रत्येक - हर एक

वाक्य - राजा ने प्रत्येक दरबारी को दस-दस अशर्फ़ियाँ खर्च करने के लिए दी ।